दिन– रविवार दिनांक– 24 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा किया। उन्होंने लोगों से डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की।
02. बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र कल से हो रहा है शुरू। उनतीस नवंबर तक चलेगी दोनों सदनों की कार्यवाही।
03. एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सदस्य एन के सिंह ने कहा–इस व्यवस्था से लोकतंत्र मे स्थायित्व आयेगा और देश तथा राज्यों की आर्थिक प्रगति तेज होगी।
04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

———बाईट———

अगले साल स्वामी विवेकानंद जी की 162 सी जयंती है इस बार इसे बहुत खास तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 11–12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ होने जा रहा है। इस पहल का नाम है विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग। भारतवर्ष से करोड़ों युवा इसमें भाग लेंगे। गांव, ब्लॉक, जिले, राज्य और वहां से निकलकर के चुने हुए ऐसे 2000 युवा भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए जुटेंगे।

प्रधानमंत्री ने निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले युवाओं के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले व्यक्तियों की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ने वृद्धजनों के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पाने वालों की संख्या अस्सी लाख से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

———बाईट———

हमें बार–बार लोगों को समझाना होगा कि डिजिटल अरेस्ट नाम का सरकार में कोई भी प्रावधान नहीं है यह सरासर झूठ लोगों को फंसाने का एक षडयंत्र है। मुझे खुशी है कि हमारे युवा साथी इस काम में पूरी संवेदनशीलता से हिस्सा ले रहे हैं और दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं।

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर श्री मोदी ने कैडेट के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया।

———बाईट———

2014 में करीब 14 लाख युवा एनसीसी से जुड़े थे अब 2024 में 20 लाख से ज्यादा युवा एनसीसी से जुड़े हैं। पहले के मुकाबले 5000 और नए स्कूल कॉलेजों में अब एनसीसी की सुविधा हो गई है। पहले एनसीसी में गर्ल्स क्रेडिट की संख्या करीब 25ः के आसपास ही होती थी। अब एनसीसी में गर्ल्स क्रेडिट की संख्या 40ः हो गई है। बॉर्डर किनारे रहने वाले युवाओं को ज्यादा से ज्यादा एनसीसी से जोड़ने का अभियान भी लगातार जारी है।

श्री मोदी ने कहा कि जैव–विविधता को बनाए रखने में गौरैया की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने बढ़ते शहरीकरण के कारण शहरों में गौरैया के अस्तित्व के खतरे पर चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने बच्चों के जीवन में गौरैया को वापस लाने के लिए किए जा रहे कुछ अनूठे प्रयासों के उदाहरण भी दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। श्री मोदी ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

———बाईट———

इस अभियान ने 100 करोड़ पेड लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। वो भी सिर्फ पांच महीनों में। यह हमारे देशवासियों के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। एक पेड मां के नाम अभियान अब दुनिया के दूसरे देशों में भी फैल रहा है।

श्री मोदी ने स्वच्छता के बारे में कहा कि सरकारी कार्यालयों से दशकों पुरानी फाइलें और कबाड़ हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सरकारी विभागों में आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं और काफी स्थान भी रिक्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में 'कचरे से कंचन' की अवधारणा बहुत पुरानी है।

———बाईट———

आपने अक्सर बड़े बुजुर्गों को कहते सुना होगा कि जहां स्वच्छता होती है वहां लक्ष्मी जी का वास होता है हमारे यहां कचरे से कंचन का विचार बहुत पुराना है देश के कई हिस्सों में युवा बेकार समझे जाने वाली चीजों को लेकर कचरे से कंचन बना रहे हैं।

———————————————————

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। पहले दिन राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति भी सदन पटल पर रखी जायेगी। इसके अलावा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी जाएगी। छब्बीस और सत्ताईस नवम्बर को राजकीय विधेयक पेश होंगे। अट्ठाईस नवम्बर को चर्चा के बाद द्वितीय अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक पारित होगा। उनतीस नवम्बर को अनुपूरक बजट पर सामान्य चर्चा होगी। पूरे सत्र के दौरान विधानसभा परिसर और आस पास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम रहेंगे। सत्र के सुगम और सफल संचालन को लेकर विधि व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पटना के जिलाधिकारी और वरिय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि सत्र के दौरान त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

———————————————————

संसद के कल से शुरू होने वाले शीत सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से संसद की मर्यादा बनाए रखने का आग्रह किया। आकाशवाणी समाचार को दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने उम्मीद जताई कि सांसद सकारात्मक और रचनात्मक बहस की परंपरा में योगदान देंगे। आरक्षण के मुद्दे पर एक सवाल का जवाब देते हुए, श्री बिरला ने कहा कि राजनीतिक दल इस पर आरोप–प्रत्यारोप लगा सकते हैं, लेकिन किसी भी सरकार ने कभी भी आरक्षण के प्रावधान से छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की।

———————————————————

एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर गठित कमेटी के सदस्य एन.के. सिंह ने आज कहा कि समिति ने राज्यों के विधान सभा चुनाव और लोक सभा चुनाव को साथ कराने को लेकर संविधान में संशोधन के सुझाव दिये हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से कई दूरगामी परिणाम निकलेंगें।

———बाईट———

श्री सिंह राजभवन के राजेंद्र मंडपम में आज एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर एक संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और अन्य स्थानीय निकायों को लेकर भी समिति ने सुझाव दिये हैं।

श्री सिंह ने कहा कि एक साथ देश भर में चुनाव कराने से देश में आर्थिक प्रगति की रफ्तार तेज होगी और धन की भी बचत होगी।

———बाईट———

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम को जानीमानी अर्थशास्त्री डॉक्टर प्राची मिश्रा ने भी सम्बोधित किया।

———————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज हेलीकॉप्टर से छपरा के डोरीगंज समेत कई बालू घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्जिकल स्ट्राईक करते हुए लगभग तीन हजार ट्रक और उस पर लदे पन्द्रह लाख क्यूबिक फिट बालू जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पाँच दोषियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

———बाईट———

श्री सिन्हा ने बताया कि खनिज परिवहन को सुगम बनाने और अवैध खनिज परिवहन पर रोक लगाने के उद्‌देश्य से खनन नीति में कई बदलाव किए गए है।

———————————————————

बिहार डाक सर्किल की ओर से पटना में अट्ठाईस से तीस नवम्बर तक डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। बिहार के पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि इसमें देश के कई हिस्सों के डाक टिकट संग्राहक भी शामिल होंगे।

———बाईट———

————————————————————

बक्सर का प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा मेला आज संपन्न हो गया। चरित्रवन के विश्वामित्र आश्रम में लिट्टी चोखा के प्रसाद खाकर श्रद्धालुओं ने विधिवत इस मेले का समापन किया। इस अवसर पर किला मैदान से लेकर चरित्रवन तक धुएं से पूरा क्षेत्र आच्छादित हो गया। बक्सर के चरित्रवन का संबंध ऋषि विश्वामित्र से माना जाता है। इसलिए बक्सर को भगवान श्री राम की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है। लाखों की संख्या में लोगों ने समापन कार्यक्रम में भाग लिया।

————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में कमी आने से लोगों को अब ठंड का अहसास हो रहा है। विभाग ने कल से राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों के क्षेत्रों में कुछ स्थानो पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना जताई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान साढ़े नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, कुहासे के कारण रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। कई रेलगाड़ियां अठारह घंटे तक की देरी से चल रही हैं।

————————————————————

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से आज बिहार राज्य अभिलेख भवन सभागार में रोजगार भाषा के रूप में हिन्दी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। कार्यशाला में विभिन्न कॉलेज के पचास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

————————————————————

अरवल जिले में आज राज्य स्तरीय विद्यालय रग्बी अंडर–फोर्टीन खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने गांधी मैदान में किया। यह प्रतियोगिता चार दिनो तक चलेगी। इसमें अठारह जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा किया। उन्होंने लोगों से डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की।
02. बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र कल से हो रहा है शुरू। उनतीस नवंबर तक चलेगी दोनों सदनों की कार्यवाही।
03. एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सदस्य एन के सिंह ने कहा–इस व्यवस्था से लोकतंत्र मे स्थायित्व आयेगा और देश तथा राज्यों की आर्थिक प्रगति तेज होगी।
04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

---

समाप्त